Title: The Speaker appealed to the Members to maintain proper decorum in the House and allow smooth functioning of Question Hour

OBSERVATION BY THE SPEAKER

Appeal to the Members to maintain proper decorum in the

House and allow smooth functioning of Question Hour.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मेरा आपसे आग्रह है कि संसद का समय बहुत महत्वपूर्ण है । आज देश के मजदूरों से संबंधित प्रश्न है । आप प्रश्न पूछें । माननीय मंत्री जी जवाब देने के लिए तैयार हैं । यह सदन देश की दिशा तय करता है । यह सदन चर्चा और संवाद के लिए है । आपको किसी विषय पर चर्चा और संवाद करना है, तो आप बातचीत करें । बिना बातचीत के केवल नियोजित तरीके से सदन को स्थगित कराना, उचित नहीं है । आपका जो भी विषय है, जो भी मुद्दा है, आप उसके लिए मेरे चैम्बर में आएं, बातचीत करें । मैं आपके हर बात पर, हर मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए तैयार हूं, लेकिन आप चर्चा नहीं करना चाहते हैं, केवल वेल में नारेबाजी करना चाहते हैं । यह उचित नहीं है । आप सीट पर विराजें । आप मेरे चैम्बर में आएं । मैं आपको किसी भी विषय पर चर्चा और संवाद के लिए पर्याप्त मौका दूंगा । आप वेल में आकर नियोजित तरीके से सदन स्थगित करें, यह उचित नहीं है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं आपसे फिर आग्रह करूँगा कि नारेबाजी करना देश की जनता के हित के लिए नहीं है । देश की जनता ने आपको चुनकर भेजा है । मजदूरों से संबंधित प्रश्न उठाया गया है । आप उनको मजदूरों से संबंधित प्रश्न उठाने दें । आपके सदस्य वहाँ विराजे हैं, आप उनको बोलने नहीं दे रहे हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप यहाँ केवल नारेबाजी करने आए हैं । क्या आपको सदन में रोज़ यही करने के लिए जनता ने भेजा है? देश की जनता आपको देख रही है । आप उनके बुनियादी सवालों पर बात करें, चर्चा करें । मैं आपको हर मुद्दे पर चर्चा और संवाद के लिए पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दूँगा ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर आप लोग व्यापक चर्चा कर सकते हैं । यह गलत है । नारेबाजी करना भारत की संसद की मर्यादाओं के अनुरूप नहीं है । आपने काफी वर्षों तक राज किया है । आपकी इतनी पुरानी पार्टी है । आपका इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कृपया आप लोग अपनी-अपनी सीटों पर जाइए । माननीय सदस्य को आप लोग प्रश्न पूछने दीजिए । माननीय सदस्य प्रश्न पूछना चाहते हैं । मंत्री जी उनके प्रश्न का जवाब देना चाहते हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्या आप लोग सदन नहीं चलने देना चाहते हैं? आप लोग सदन में चर्चा नहीं करना चाहते हैं, प्रश्न काल में सवाल नहीं उठाना चाहते हैं?

____

? (व्यवधान)

***WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS**

(Starred Question Nos. 42 to 60

Unstarred Question Nos. 461 to 690)

(Page No. 12 to 754)

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही आज दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

11.07 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

? (व्यवधान)

14.00 hrs.

The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.

(Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair)*

? (व्यवधान)

14.00½ hrs

At this stage, Shri Kodikunnil Suresh, Shri Kalyan Banerjee and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

? (व्यवधान)